सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 77 | इंदौर, सोमवार 29 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## 'मैदान पर भी ऑपरेशन सिंदूर कामयाब, भारत जीता'

◆ पाकिस्तान पर जीत के बाद पीएम मोदी का पोस्ट



**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय क्रिकेट टीम ने रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया है. भारत की जीत के बाद लोग सोशल मीडिया पर जश्न मनाते हुए भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दे रहे हैं. इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय टीम को अपने खास अंदाज में जीत की बधाई दी है.**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, 'एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने पर टीम इंडिया को मेरी हार्दिक बधाई। टीम ने टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारा, जिससे खेल में उनका दबदबा कायम रहा। मैं कामना करती हूं कि टीम इंडिया भविष्य में भी इसी तरह अपना परचम लहराए.'

### 'मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर'

पीएम मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम को जीत की बधाई देते हुए सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, 'खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर... नतीजा वही, भारत जीत गया! हमारे क्रिकेटरों को जीत की बधाई.'

पीएम के अलावा केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, पीयूष गोयल, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, बीजेपी नेता अमित मालवीय समेत कई राजनीतिक दिग्गजों ने भारतीय क्रिकेट टीम को जीत की बधाई दी है.

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, पाकिस्तान को हारना ही था और भारत हमेशा चैम्पियन रहेगा. भारतीय क्रिकेट टीम को जीत की बधाई.

## उज्जैन में 370 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन, मुख्यमंत्री बोले-

# दुनिया देखेगी सिंहस्थ 2028 का वैभव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को यहां 370 करोड़ की लागत से होने वाले 11 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उज्जैन का समय बदला है। जिला कार्यालय एक ही छत के नीचे होने चाहिए इसलिए नवीन कलेक्टर कार्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा। इस संयुक्त प्रशासनिक कार्यालय का नवीन भवन 7 मंजिला बनेगा। सीएम ने कहा कि दुनिया सिंहस्थ 2028 में भारतीय संस्कृति का वैभव देखेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 के लिए अभी कुछ समय पूर्व 2675 करोड़ रुपये की लागत राशि से 33 प्रमुख कार्यों को मंजूरी दी गई है। सिंहस्थ 2028 के लिए क्षिप्रा नदी पर लगभग 30 किलोमीटर लंबे सुविधायुक्त नवीन घाटों का निर्माण किया जा रह रहा है। साथ ही पुराने घाटों का उन्नयन कर 24 घंटे में लगभग पांच करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान की व्यवस्था की जा रही है। क्षिप्रा नदी पर ब्रिजों की श्रृंखलाओं का निर्माण किया जा रहा है। बहुत जल्द मेट्रो ट्रेन भी उज्जैन में आएगी।




**क्षिप्रा नदी पर 4 नए पुलों की सौगात-** सीएम ने कहा कि 77 करोड़ से अधिक की लागत से क्षिप्रा नदी पर चार नए पुल बनने वाले हैं। आने वाले दिनों में हमारी मोक्षदायिनी क्षिप्रा मैया पुलों वाली नदी भी कहलाएंगी। यह उज्जैन की काया पलटने वाले विकास कार्य हैं, जो सिंहस्थ 2028 को दिव्य बनाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भूमिपूजन करने के बाद कार्यक्रम के प्रारंभ में नवरात्र के पावन अवसर पर कन्याओं का पूजन किया।

**11 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन-** 135 करोड़ रुपये की लागत से उज्जैन में बन रहा संयुक्त प्रशासनिक भवन लोक-कल्याण और सुशासन का उदाहरण बनेगा। यह अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से युक्त होगा यह 7 मंजिला नवीन संयुक्त प्रशासनिक भवन 134.97 करोड़ रुपये की लागत से हर सुविधा में सुसज्जित होगा। इसके साथ ही अधिकारियों के लिए नवीन आवासीय भवनों का भूमिपूजन किया। इसी तरह ई.एफ. जी.एच. एवं आई टाइप के आवास गृहों के निर्माण के लिए 32.05 करोड़, लोकनिर्माण विभाग द्वारा कार्तिक चौक से शंकराचार्य चौराहा रोड (छोटा पुल) क्षिप्रा नदी पर पुल के निर्माण के लिए 27.06 करोड़, लालपुल के डाउन स्ट्रीम में रेल्वे पुल के समानांतर क्षिप्रा दी पर नवीन 4 लेन पुल निर्माण के लिए 17.69 करोड़, काल भैरव मंदिर से गढकालिका मार्ग (ओखलेश्वर) को जोड़ने वाले मौजूदा पुल के समानांतर क्षिप्रा नदी पर नवीन टू लेन पुल के निर्माण के लिए 13.96 करोड़, एम.आर 24 इंदौर मार्ग से चिंतामन रेल्वे स्टेशन मार्ग पर क्षिप्रा नदी पर नवीन 4 लेन पुल निर्माण के लिए 15.86 करोड़, उज्जैन शहर की ओर आने वाले प्रमुख मार्गों पर शहर से 10 कि.मी. दूरी पर नवीन विश्राम गृह निर्माण कार्य (नरवर, चंदुखेडी, नजरपुर, ताजपुर, सोडंग एवं पंथपिपलई) 20.64 करोड़, केंद्रीय जेल उज्जैन में आवास गृहों के निर्माण कार्यों के लिए 19.18 करोड़, 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल माधवनगर का 200 बिस्तरीय सिविल अस्पताल भवन में उन्नयन/निर्माण कार्य के लिए 24.08 करोड़, मुल्लापुरा में 50 कक्षों के नवीन सर्किट हाउस निर्माण के लिए 49.10 करोड़ तथा पंचक्रोशी यात्रा मार्ग के 6 पड़ाव एवं उप पड़ाव पर सुविधा केंद्र निर्माण कार्य (डोम, शौचालय एवं स्टोरेज) के लिए 14.52 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया।

# भारत रत्न लता मंगेशकर ने अपने स्वरों से भारतीय संगीत को दी नई ऊंचाइयां- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## लता अलंकरण पुरस्कार मिलते ही भावुक हुए सोनू निगम, बोले- लताजी मेरी मां जैसी थीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** प्रदेश का प्रतिष्ठित लता अलंकरण पुरस्कार रविवार को ख्यात गायक सोनू निगम को मिला। उन्हें यह पुरस्कार मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दिया। इस मौके पर गायक सोनू निगम ने कहा कि लता मंगेशकरजी मेरे लिए मां के समान थीं। मेरी संगीत की यात्रा बहुत अच्छी रही। मैं मेरे पापा के साथ 45 साल पहले सिंगर बनने मुंबई आया था। मैंने अपना मुकाम हासिल कर लिया है।

उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह सौभाग्य की बात रही है कि लताजी मेरे घर आती थीं। मेरे बच्चे के साथ गाती थीं। हम उन्हें हंसाते थे। वो मेरी मां के समान थीं। मुझे यह अवार्ड लेते हुए इसलिए भी खुशी हो रही है कि ठीक 30 साल पहले लता अलंकरण समारोह में एक प्रतिभागी के तौर पर मैं इंदौर आया था, लेकिन आज मैं लता अलंकरण पुरस्कार लेने आया हूं।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लता अलंकरण समारोह में कहा कि हमने सरस्वती मां को देखा नहीं, लेकिन लता जी को सुना तो लगता है कि उनके गले में सरस्वती मां का अंश है। यह कला और संगीत का पवित्र मंच है। इसमें शामिल होने के लिए मैं सड़क मार्ग से उज्जैन से इंदौर आया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न लता मंगेशकर ने अपने स्वर से भारतीय संगीत को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया। उनके नाम पर दिया जाने वाला यह सम्मान अद्वितीय है। यह उन कलाकारों के योगदान को नमन है, जिन्होंने गीत-संगीत के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी है।



उन्होंने कहा कि आज हम विश्व प्रसिद्ध गायक सोनू निगम को सम्मानित कर गौरवान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोनू निगम जी के आने से ऐसा लग रहा है जैसे अमावस की रात में पूनम का चांद आया है। उन्होंने कहा कि आज हम गर्वित है कि संगीत की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर की संगीत परंपरा अद्वितीय है। कार्यक्रम में सोनू निगम ने गीत भी सुनाए। कार्यक्रम देर रात तक चला। कार्यक्रम के प्रारंभ में संचालक संस्कृति श्री एस.पी. नामदेव ने प्रशस्ति पत्र का वाचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा समारोह में वर्ष 2025 का राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान सुप्रतिष्ठित पार्श्व गायक सोनू निगम (मुंबई) को प्रदान किया गया। अलंकरण के पश्चात संगीत संध्या का आयोजन हुआ जिसमें लोकप्रिय पार्श्व गायक अंकित तिवारी एवं उनके दल ने एक से बढ़कर एक मधुर प्रस्तुतियां दीं और श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री दिलीप कुमार यादव, विधायकगण श्री महेन्द्र हार्डिया, सुश्री उषा ठाकुर, श्रीमती मालिनी गौड़, श्री मधु वर्मा तथा श्री गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक श्री जीतू जिराती, श्री सुमित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन एवं संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

# जयस कार्यकर्ताओं का अर्धनग्न प्रदर्शन

## ◆ एमवाय अस्पताल के डीन और अधीक्षक को हटाने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के चर्चित चूहा कांड के विरोध में जयस (जय आदिवासी संगठन) के कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन जारी है। एक हफ्ते से एमवाय हॉस्पिटल के गेट पर डीन और सुपरिटेंडेंट को हटाने और उन पर FIR दर्ज करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना चल रहा था।**

मांग नहीं पूरी नहीं हुई तो रविवार (28 सितंबर) दोपहर को जयस कार्यकर्ता एमवाय हॉस्पिटल के गेट पर जमा हुए। सभी लोग महात्मा गांधी प्रतिमा के पास पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। यहां से वे अर्द्ध नग्न होकर रैली के रूप में कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हुए। बता दें कि 30 अगस्त को एमवाय अस्पताल में चूहों के कुतरने के बाद दो नवजात बच्चों की मौत हो गई थी। जयस ने हाईकोर्ट में सुनवाई तक अपना धरना–प्रदर्शन



स्थगित कर दिया है। कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद एसडीएम रोशन राय ने कार्यकर्ताओं को समझाया कि मामला शासन स्तर का है। मामले में हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है और 6 अक्टूबर को सुनवाई है। इसके बाद कार्यकर्ता एमवायएच पहुंचे तो वहां अस्पताल के गेट बंद कर दिए गए और भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। यहां जयस कार्यकर्ता रोड पर ही प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद फिर अधिकारियों ने समझाया तो जयस कार्यकर्ता मान गए और 6 अक्टूबर तक प्रदर्शन स्थगित कर दिया। दरअसल, जयस कार्यकर्ता धार के ग्राम रूपा पाड़ा की आदिवासी नवजात बच्ची (बेबी ऑफ मंजू) की एमवाय अस्पताल में चूहों द्वारा अंग कुतरे जाने के मृत्यु की घटना के बाद डीन, सुपरिंटेंडेंट सहित दोषी अधिकारियों को सस्पेंड करने और इन पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करने की मांग कर रहे हैं।

## कोरियर कंपनी की गाड़ी से उड़ाए 70 मोबाइल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कोरियर कंपनी की गाड़ी से बदमाश ने 70 मोबाइल से भरे बक्से चुरा लिया। गाड़ी के ड्राइवर को पीछे से आ रहे अन्य गाड़ी वाले ने जानकारी दी। जब तक ड्राइवर ने देखा मौके से आरोपी भाग गया था। पुलिस अब मामले में आरोपी की तलाश कर रही है।**

लसूड़िया पुलिस ने बताया कि हितेश सिंह चौहान की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ 70 मोबाइल चोरी करने के मामले में केस दर्ज किया है। हितेश ट्रांसपोर्ट संचालक ने उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका ड्राइवर अरबाज स्कीम नंबर 114 से ओरिजन कोरियर से मोबाइल और दवाई के बॉक्स लेकर नया पुरा पत्थर गोदाम के यहां डिलीवरी देने जा रहा था। जब बॉम्बे अस्पताल के पास अरबाज गाड़ी लेकर पहुंचा तो एक राहगीर ने उसे बताया कि कोई गाड़ी के पीछे से कूदकर भागा है। इसके बाद पार्सल चेक किया तो करीब 28 बॉक्स में से 7 बॉक्स गायब थे। जिसमें करीब 70 मोबाइल रखे थे। यह मोबाइल पूजा मार्केटिंग,सुमित इंटरप्राइजेस,वन मिलियन मार्केटिंग में डिलवर होने थे। पुलिस अब आसपास के फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। इस मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को संदेह में लिया है।

## नशा मनुष्य को मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से करता है कमजोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नशा मनुष्य को मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से कमजोर करता है। संयम और सत्संग ही जीवन की वास्तविक शक्ति है। यह बात प. पुज्य आचार्य श्री विभव सागर जी महाराज ने बन्धन से वंदनीय होने तक का सफर है विषय पर आयोजित विशेष प्रवचन में केंद्रीय जेल में कैदियों को कही।**

आयोजक इंद्रकुमार सेठी व रोहित एडवोकेट ने बताया कि इस अवसर पर आचार्य श्री ने व्यसन मुक्ति, सभी बुराइयों व जीवनपर्यंत अपराध से दूर रहने की शपथ दिलाई साथ ही कैदियों को जीवन में सुधार लाने, आत्मबल को बढ़ाने और अहिंसा तथा सत्य





के मार्ग पर चलने का संदेश व मार्गदर्शन प्रदान किया। आचार्य श्री ने एक गीत भी बहुत प्रेरणादायक सुनाया। आचार्य भगवन को सभी कैदियों ने वचन दिया और शपथ ली की जो गलती कर दी है अब रिहाई के बाद दुबारा नही करेंगे एवं सभी तरह के अपराधों व बुराइयों से सदैव दुर रहेंगे। इस अवसर पर पुज्य ओमश्री माताजी ने कहा कि जेल का सही नाम बंधी सुधार गृह होना चाहिए। चिराग जैन व सुनील गोधा ने बताया कि प्रवचन के दौरान जेल प्रशासन के साथ स्नेहलता गंज के बण्डी परिवार, प्रदीप बड़जात्या, प्रवीण सुनीता पाटनी, कुशलराज जैन, धर्मेंद्र गंगवाल, रवि बिलाला सहित बड़ी संख्या में समाज श्रेष्ठि उपस्थित थे। जेल अधीक्षक श्रीमती अलका सोनकर ने कहा कि हम कैदियों को यहां से इतना सुधार कर भेजेंगे की कैदी रिहाई के बाद समाज सुधारक के नाम से जाने जाएंगे। संचालन चिराग जैन ने व आभार इंद्रकुमार सेठी ने माना।

## जू में 1500 किमी दूर से इंदौर आए 4 जंगली भैंसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर जू में एनीमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत चार इंडियन बायसन यानी जंगली भैंसें आए है। शनिवार देर रात वे इंदौर पहुंचे, जिसके बाद उन्हें बाड़े में छोड़ा गया। यहां आने वाले दर्शक उन्हें निहार सकेंगे। चार बायसन में दो मेल है और दो फीमेल है। एनीमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत इन बायसन के बदले एक टाइगर दिया गया है।**



कर्नाटक के शिवमोगा जू से एनीमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत ये जंगली भैंसे शनिवार रात करीब 1 बजे इंदौर जू पहुंचे। जू प्रभारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि रात 1 बजे इन जंगली भैसों के आने के बाद इन्हें बाड़े में शिफ्ट किया गया है। चारों की स्थिति सामान्य है। यहां वे खाना भी खा रहे है। इन चारों में दो मेल-दो फीमेल है। इनमें रुद्र 15 साल का मेल है, कल्की 6 साल का मेल है इसके अलावा ताप्सी और तुलसी दोनों फीमेल है ये 6-7 साल की है। चारों के आने के बाद इन्हें रात में ही बाड़े में शिफ्ट कर दिया गया था। ये कर्नाटक के शिवमोगा जू से करीब 1500 किमी का सफर तय करके आए है। इन्हें लाने के पहले डॉ. यादव वहां के जू में भी गए थे।

बता दे कि इंदौर जू को एक बार फिर एग्जॉटिक एनीमल का तोहफा मिला है। टाइगर ब्रीडिंग एवं एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत ये जंगली भैंसे इंदौर आए है, जबकि शिवमोगा जू को एक मेल टाइगर दिया गया है। रविवार को मेयर पुष्यमित्र भार्गव भी इन जंगली भैसों को देखने के लिए पहुंचे। महापौर ने कहा कि बायसन के साथ ही इंदौर में शुतुरमुर्ग के दो जोड़े भी मिले है। कुल मिलाकर इस बार आठ एग्जौटिक एनीमल इंदौर जू के परिवार में जुड़े हैं। यह न केवल शहर के लिए बल्कि यहां आने वाले दर्शकों के लिए भी बड़ी खुशखबरी है। महापौर ने कहा कि विशेष बात यह है कि इंदौर जू में पहले आए जेब्रा की देखरेख उत्कृष्ट स्तर पर हुई। डॉ.उत्तम यादव के प्रयासों से जेब्रा ने यहां सफलतापूर्वक प्रजनन भी किया है। अब जेब्रा ब्रीडिंग के बाद अब इंदौर जू जिराफ़ प्राप्त करने की पात्रता हासिल कर चुका है। इस मौके पर कहा गया कि आने वाले समय में इंदौर जू को एक और बड़ी सौगात मिलने वाली है, यहां जल्द ही सेंट्रल इंडिया का सबसे आकर्षक एक्वेरियम स्थापित किया जाएगा।

## इंदौर से हजरत निजामुद्दीन के बीच मिली एक और ट्रेन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** त्योहारों के दौरान अतिरिक्त यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल ने इंदौर से खडकी और इंदौर से हजरत निजामुद्दीन के बीच स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें विशेष किराए पर संचालित होंगी। इन स्पेशल ट्रेनों के मुख्य स्टॉपेज में मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के प्रमुख स्टेशन शामिल हैं। ट्रेन का एलएचबी रेक में एक सेकंड एसी और 17 थर्ड एसी कोच होंगे।

इंदौर–खडकी–इंदौर स्पेशल ट्रेन संख्या 09324 1 अक्टूबर से 26 नवंबर 2025 तक प्रति बुधवार को सुबह 11:15 बजे इंदौर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 3:10 बजे खडकी रेलवे स्टेशन पहुँचेगी। इसके मुख्य ठहराव होंगे: देवास, उज्जैन, नागदा और रतलाम। वहीं, 09323 खडकी–इंदौर स्पेशल ट्रेन 2 अक्टूबर से 27 नवंबर 2025 तक प्रति गुरुवार को सुबह 5:10 बजे खडकी से रवाना होकर रात 11:35 बजे इंदौर पहुँचेगी। इसमें भी वही मुख्य ठहराव होंगे। इस ट्रेन का एलएचबी रेक में एक सेकंड एसी और 17 थर्ड एसी कोच होंगे।

इंदौर–हजरत निजामुद्दीन–इंदौर द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 09309 3 अक्टूबर से 30 नवंबर 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार और रविवार को शाम 5:00 बजे इंदौर से चलेगी और अगले दिन सुबह 5:00 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुँचेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 09310 हजरत निजामुद्दीन–इंदौर स्पेशल 4 अक्टूबर से 1 दिसंबर 2025 तक प्रत्येक शनिवार और सोमवार को सुबह 8:20 बजे हजरत निजामुद्दीन से प्रस्थान करेगी और रात 9:00 बजे इंदौर पहुँचेगी। इसमें रतलाम मंडल के नागदा, उज्जैन और देवास स्टेशन पर ठहराव होगा।

**बुकिंग और जानकारी–** ट्रेनों संख्या 09324 और 09309 की बुकिंग 28 सितंबर 2025 से सभी पीआरएस काउंटर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू हो जाएगी। विस्तृत जानकारी और ट्रेन का समय www.enquiry.indianrail.gov.in पर देखी जा सकती है।

## ...और मोबाइल चोरी

**इंदौर।** अन्नपूर्णा इलाके में बदमाशों ने एक इंजीनियर का एप्पल का लेपटॉप और मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी पर एफआईआर की है। पुलिस ने बताया कि कार्तिक जोशी ने बताया कि अलसुबह उनकी दादी सीता जोशी घर का दरवाजा खोलकर मंदिर चली गई थी। जिसमें बदमाश उनका लेपटॉप और मोबाइल चुराकर ले गए। उनके मुताबिक बाहर का गेट पर ताला लगा हुआ था। दरवाजा खुला हुआ था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# 'स्वदेशी वस्त्र ही बेचते हैं' अभियान की हुई शुरुआत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में 'स्वदेशी तैयार वस्त्र ही बेचते हैं' अभियान की शुरुआत रविवार को की गई। रविवार को बारिश के कारण प्रोग्राम लेट हो गया। इसके चलते पहले व्यापारियों ने ही संस्थानों पर बोर्ड लगाए बाद में सांसद शंकर लालवानी के आने के बाद उन्होंने संस्थानों पर स्वदेशी ही वस्त्र बेचेंगे के बोर्ड लगाए। खासबात यह है कि इंदौर से जो देशभर में जो माल सप्लाई होता है। उसमें भी ये बोर्ड भेजा जा रहा, ताकि वे



लोग भी वहां पर अपने संस्थानों पर ये बोर्ड लगा सकें।

रविवार को ये आयोजन मूलचंद मार्केट से शुरू हुआ। आयोजन में सांसद शंकर लालवानी शामिल हुए। इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन अध्यक्ष अक्षय जैन ने बताया कि 20 मई से एसोसिएशन ने चीन-बांग्लादेशी कपड़ों के व्यापार का बहिष्कार करना शुरू किया था। इसमें एसोसिएशन के व्यापारियों के साथ ही अन्य व्यापारी भी शामिल हुए थे। एसोसिएशन ने विदेशी कपड़ों के बहिष्कार की शपथ भी ली थी। साथ ही विदेशी कपड़ों की होली भी जलाई थी। आज स्वदेशी ही वस्त्र बचेंगे अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत राजबाड़ा इलाके में कई दुकानों में स्वदेशी ही वस्त्र बेचेंगे के बोर्ड लगाए गए। हालांकि बारिश के कारण प्रोग्राम तय समय से लेट हो गया। पहले व्यापारियों द्वारा ही इस अभियान की शुरुआत की गई, इसके बाद सांसद शंकर लालवानी भी करीब दो बजे यहां पहुंचे, जिसके बाद उन्होंने कुछ दुकानों पर ये बोर्ड लगाए।

## भगत सिंह की जयंती पर विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रविवार को भगत सिंह की जयंती पर विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। टू व्हीलर और फोर व्हीलर पर सवार होकर लोग विभिन्न रास्तों से होते हुए राजमोहल्ला चौराहा पहुंचे। जहां भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।**

राधे जाट ने बताया कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के मौके पर एक विशाल तिरंगा यात्रा आयोजित की गई। यात्रा की शुरुआत राधाकृष्णा गार्डन के पीछे आईटी पार्क से की गई। यात्रा में बड़ी संख्या में लगो टू व्हीलर और फोर व्हीलर पर सवार होकर निकले। सफेद ड्रेस में सिर पर पगड़ी बांध कर हाथ में भगत सिंह की तस्वीर लेकर निकले। यात्रा आईटी पार्क से भंवरकुआं वहां से टावर चौराहा होते हुए कलेक्टर चौराहे से गंगवाल बस स्टैंड से राजमोहल्ला चौराहा पहुंची। जहां पर लोगों ने भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और यात्रा का समापन हुआ। राधे जाट ने बताया कि यात्रा में महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी शामिल हुए। इस दौरान उसने नवलखा चौराहा के नाम बदलने का आग्रह किया गया। मेयर से निवेदन किया है कि वे नवलखा चौराहे का नाम पर बदलकर भगत सिंह चौराहा कर दे। इस मामले में मेयर ने आश्वासन दिया है।

# बंगाली क्लब में लगे नॉनवेज के स्टॉल

## हिन्दू जागरण मंच के विरोध के बाद हटाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नवलखा क्षेत्र में स्थित बंगाली क्लब के दुर्गा पूजा आयोजन के दौरान हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता नॉनवेज स्टॉलों का विरोध करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि नवरात्रि में लोग उपवास करते हैं। मांस से दूर रहते हैं, लेकिन दुर्गा उत्सव में नॉनवेज के व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए हैं। जब विरोध बढ़ने लगा तो आयोजकों ने स्टॉल हटा दिए।**

आयोजकों का था कि बंगाली समाज की परंपरा के अनुसार नॉनवेज भोजन वर्जित नहीं रहता है, जबकि मंच के पदाधिकारियों



का कहना था कि क्लब परिसर में हनुमान व अन्य मंदिर हैं। उनकी पवित्रता का ध्यान रखने हुए नॉनवेज के स्टॉल हटा लिए जाएं। आयोजक इसके लिए तैयार हो गए। हिंदू जागरण मंच के सुमित हार्डिया ने कहा कि हमारी आस्था के साथ बंगाली क्लब द्वारा खिलवाड़ किया जा रहा था। नवदुर्गा उत्सव के 9 दिन हिंदू रीति रिवाज के अनुसार मांस, मछली, मदिरा सेवन प्रतिबंध रहता है। फिर भी बंगाली क्लब द्वारा हनुमान मंदिर परिसर में नवरात्रि महोत्सव के गरबा पांडाल में मांस मछली का स्टॉल लगाकर बेचा जा रहा था। बंगाली क्लब के अध्यक्ष जेएन चौधरी ने कहा कि नवदुर्गा उत्सव के दौरान परिसर में फूड फेस्टिवल भी आयोजित किया जाता है। धुनूची नृत्य, आरती और सिंदूर खेला का आयोजन होता है। इसके साथ बंगाली परंपरा के अनुसार व्यंजन बनाए जाते हैं, जिसमें नॉनवेज भी शामिल है। हर साल यह व्यंजन बनाए जाते हैं। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी है। फूड फेस्टिवल समाप्त होने के कारण स्टॉल हमने हटा लिए हैं।

## ऐरोबिक्स क्लब मेघदूत ने की माता की अराधना

### आधी रात तक भक्ति में डूबे रहे भक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शारदीय नवरात्र के दौरान एरोबिक्स क्लब मेघदूत द्वारा माता की भक्ति की गई। इस भक्ति रस में शराब और होने के लिए क्लब के सदस्य बड़ी संख्या में मेघदूत ऊपर पहुंचे और देर रात तक माता की भक्ति में झूमते हुए गरबा डांडिया करते रहे।

ये जानकारी देते हुए एरोबिक्स क्लब मेघदूत के मुख्य प्रशिक्षक जितेंद्र मेश्राम, कोषाध्यक्ष राजिंदर भाटिया ने बताया कि कल रात माता की भक्ति के लिए विशेष दरबार मेघदूत उपवन के बाहर सजाया गया। यह आयोजन रात्रि में 8 बजे प्रारंभ हुआ जो रात 12 बजे तक चलता रहा। क्लब के सदस्यों का उत्साह देखते ही बनता था रंग-बिरंगे परि धान के साथ गरबे की धुनों पर थिरकते पांव थमने का नाम नहीं ले रहे थे।इस बीच वर्षा की फुंहारे भी भक्तों का उत्साह कम नहीं कर सकी।



क्लब के इस आराधना पर्व के दौरान जहां महिलाओं ने पूरे उत्साह और परिधानों के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई वहीं क्लब के पुरुष साथी भी पीछे नहीं रहे उन्होंने भी एक से एक आकर्षक परिधान और अंगवस्त्र पहनकर अपनी प्रस्तुतियां दीं। क्लब की ट्रेनर नंदना पाल, मिटर्जी, अंजलि राय, छाया रसाल ने सभी सदस्यों को पहले ही गरबे के स्टेप्स सिखाए थे जो कल रात सभी करते नजर आए। क्लब के सदस्य आशीष पुंडलिक, विजय गार्गव, मनीष शर्मा, सुनील मरमट, संध्या मित्तल, स्मिता गर्ग, मीना गर्ग, रीमा सिंह, इंदु भट्ट आदि ने सहयोग किया। माता की आरती एडमिन जितेंद्र माया मेश्राम, आशा कोष्ठा, डीएसपी शैलजा सिंह, मीना चंद्र शेखर खन्ना, सुनील दुबे, सुनील यादव, सुभाष पानतावने ने की। विजय मराठा, पिंकु उपाध्याय, नीना वर्मा, राजेश अग्रवाल, नारायण भाई, मनीष पाल, ओम प्रकाश पाल, शेखर गुर्जर, बबलू पाल, पंडरी नायक, राहुल चौरसिया आदि उपस्थित थे। संगीत संयोजन एडवोकेट कृष्णा मेश्राम ने किया।

## फ्रीज से करंट लगने पर मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। आजाद नगर थाना पुलिस के अनुसार खाती मोहल्ला निवासी राजू सालवी (26) की रविवार सुबह करंट लगने से मौत हो गई। राजू ने जब फ्रीज छुआ तो उसे तेज झटका लगा, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। साथ काम करने वाले साथी ने परिजनों को सूचना दी। राजू को पहले पास के अस्पताल और फिर एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजू आइसक्रीम बनाने का काम करता था। वह मूल रूप से राजस्थान के चौकड़ी ग्राम का रहने वाला था। परिवार में माता-पिता किसान हैं, छोटा भाई दो दिन पहले ही राजस्थान गया था। राजू की दो साल पहले शादी हुई थी और उसकी एक छोटी बेटी भी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सगे भाइयों ने महिला पर अश्लील कमेंट्स किए

इंदौर। हीरानगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 34 वर्षीय महिला ने अपने पड़ोसियों पर छेड़छाड़ और धमकाने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि छोटी भमोरी इलाके में रहने वाले धर्मेंद्र मालवीय और उसका भाई राजकुमार मालवीय देर रात उसके घर के बाहर बैठकर अश्लील कमेंट्स करने लगे। आवाज सुनकर जब महिला बाहर आई तो आरोपियों ने उस पर अपशब्द कहे और यहां तक आरोप लगाया कि वह अवैध काम करती है। विरोध करने पर दोनों मारपीट पर आमादा हो गए। महिला ने घबराकर घर का दरवाजा बंद कर लिया, जिसके बाद आरोपियों ने धमकी दी कि इस इलाके में उसे नहीं रहने देंगे। महिला ने घटना की सूचना पुलिस को दी। हीरानगर पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपी सगे भाई हैं और पहले भी महिला से उनका विवाद हो चुका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### 25 हजार कन्याओं का पूजन किया गया

# बेटियों से हमारा घर हमारा खानदान सब कुछ आबाद होता है : मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नवरात्रि पर्व के अवसर पर विक्रमादित्य क्लॉथ मार्केट में कन्या पूजन किया। उज्जैन में पहली बार 121 स्थानों पर एक साथ यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लगभग 25 हजार कन्याओं का पूजन किया गया।**



इस मौके पर सीएम ने कहा, नवरात्रि का पर्व हमें शक्ति संचय के लिए भी प्रेरित करता है। हमारे घर में जब तक सुख नही आता है, जब तक बेटी नही होती है। बेटियों के बिना कभी घर की मर्यादा पूरी नही होती है। बहन, बेटियों से हमारा घर हमारा खानदान सब कुछ आबाद होता है। यह युगों-युगों से चली परंपरा है। सीएम ने उज्जैन में 369.11 करोड़ रुपए से ज्यादा के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इनमें पुलिस कंट्रोल रूम के पास नवीन कलेक्टर कार्यालय भवन का निर्माण भी शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि उज्जैन में संभाग और जिले के कार्यालय अलग-अलग बनेगें। इसके अलावा एक धर्मस्व विभाग का सिंहस्थ का कार्यालय बनेगा। ये तीनों कार्यालय रहेंगे। संभागीय अधिकारियों की एक बिल्डिंग और कलेक्ट्रेट की एक बिल्डिंग होना चाहिए। इसके अभाव में आईजी साहब को घर से कार्यालय चलाना पड़ता था। डीआईजी साहब यातायात थाने के पास से कार्यालय चलाते थे। एसपी साहब कंट्रोल रूम में बैठते थे। जो जगह-जगह व्यवस्था चलती थी इसे इंटीग्रेटेड रूप से अलग-अलग किया गया है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा- उज्जैन के अतीत को लेकर हम सभी दो हजार साल पुराने अतीत का स्मरण करे तो माता हरसिद्धि का एक रूप यह भी है कि रात्रिकालीन उज्जैन में रहना और दिन के समय गुजरात में रहना। अद्भुत तो तब होता है जैसे ही सांयकाल की आरती होती है तब एहसास होता है कि झूला अपने आप झूलने लगता है। लगता है कि माता यहां से निकल गई। सुबह आरती होती है तो माता अपने आप आ जाती है। वहां झूला प्रारंभ हो जाता है। ऐसे कई रहस्यों के साथ उज्जैन में कदम-कदम पर ऐसा वास्ता आता है। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेडा, सतीश मालवीय, महापौर मुकेश टटवाल, सभापति कलावती यादव और जिला पंचायत अध्यक्ष कमला कुंवर समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मप्र के साढ़े चार लाख पेंशनरों को मिलेगी 55 फीसदी महंगाई राहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। त्योहारी सीजन में मध्य प्रदेश के साढ़े चार लाख से अधिक पेंशनरों के लिए छत्तीसगढ़ से अच्छी खबर आई है। इन्हें दो प्रतिशत की दर से अधिक महंगाई राहत मिलेगी, यानी वृद्धि के बाद यह 55 प्रतिशत हो जाएगी। यद्यपि, यह जनवरी से नहीं, बल्कि सितंबर की पेंशन से मिलेगी। अक्टूबर में भुगतान बढ़ी हुई दर पर होगा। वित्त विभाग छत्तीसगढ़ से सहमति मिलने के बाद अब महंगाई राहत में वृद्धि के लिए कैबिनेट के समक्ष निर्णय के लिए प्रस्ताव रखेगा।**

प्रदेश में कर्मचारियों को एक जनवरी 2025 से 55 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा है, जबकि पेंशनरों को मार्च 2025 से 53 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत दी जा रही है। इस दो प्रतिशत के अंतर का कारण वित्त विभाग छत्तीसगढ़ से प्राप्त सहमति को बताता है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 के तहत पेंशनर व परिवार पेंशनर को दी जाने वाली महंगाई राहत में वृद्धि का निर्णय दोनों राज्यों की सहमति से होता है।

## प्रज्ञा ठाकुर बोलीं- गैर हिंदू से प्रसाद मत खरीदो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। भोपाल की पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने कहा कि मंदिरों में नवरात्रि में ऐसे कई ग्रुप बनाकर खोजना पड़ेगा कि हमारे मंदिरों के आसपास प्रसाद कौन बेचता है? अगर प्रसाद बेचते हुए कोई विधर्मी का पता चले तो जितनी हो सके उसकी ठुकाई करो। विधर्मियों से हम प्रसाद नहीं खरीदेंगे। न उनको बेचने देंगे और ना ही मंदिर में आने देंगे।**



प्रज्ञा ठाकुर भोपाल के छोला मंदिर इलाके में आयोजित दुर्गावाहिनी के पथ संचलन समारोह में शामिल हुईं। इसी दौरान कार्यक्रम में वे महिलाओं-लड़कियों को संबोधित कर रही थीं। हाल ही में मालेगांव ब्लास्ट केस में बरी हुई प्रज्ञा ने कहा- भगवा को आतंकवाद कहने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा चुका है। पूर्व सांसद ने कहा कि हां मैंने ये कहा है कि आपको अपने घरों में हथियार रखना चाहिए। हां मैंने कहा कि हथियारों को जरा धार तेज करके रखना चाहिए। क्योंकि, जब हमारी बेटियों-बहनों को घरों में से उठाकर उनके टुकड़े करके रोड पर बिखेर दिए जाते हैं तो हमारे अंदर बहुत पीड़ा होती है। इस पीड़ा को बाहर निकालने के लिए जब दुश्मन हमारे घर की दहलीज पार करने का प्रयास करे तो उनको बीच में से काट देना चाहिए। दुर्गा वाहिनी का यह काम है कि हर घर में दुर्गा तैयार करो। हर घर में हथियार रखने के लिए आह्वान करो। हर घर में नियम-कानून का हम पालन करते हैं, क्योंकि ये देश हमारा है।

## माफी नहीं मांगी तो घर जाकर चूड़ी भेंट करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस अब विजयवर्गीय से माफी की मांग कर रही है। एक महिला नेता तो चेतावनी भी दे दी है। अगर विजयवर्गीय माफी नहीं मांगते हैं तो वह उनके घर चूड़ी भेंट करेंगी।**



उज्जैन में कांग्रेस की महिला नेत्री नूरी खान ने कैलाश विजयवर्गीय के बयान के विरोध में प्रेस कांफ्रेंस रखी थी। उन्होंने बीजेपी नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग महिलाओं को उपभोग की वस्तु समझते हैं। उन्होंने ने बीजेपी के नेताओं को महिला विरोधी बताया है। नूरी खान ने बीजेपी के नेता धाकड़ का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी नेता कभी हाईवे पर गंदी फिल्म बनाते हैं तो कभी खिलाड़ियों से दुष्कर्म करते हैं। मंत्री विजयवर्गीय ने नवरात्रि में भाई बहन के पवित्र रिश्ते पर आक्षेप लगाया है। अगर उन्होंने माफी नहीं मांगी तो घर जाकर चूड़ी भेंट करेंगे। बता दें कि दो पहले नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने राहुल-प्रियंका को लेकर एक बयान दिया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि भाई-बहन चौराहे पर चुंबन करते हैं। इस बयान के बाद कांग्रेस लगातार विरोध कर रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। एक कांग्रेस विधायक महेश परमार ने तो कैलाश विजयवर्गीय की तुलना रावण से की है।

## जादू-टोने के शक में महिला को कुल्हाड़ी से काटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी**। रतलाम में एक महिला ने अपने दो बेटों से देवरानी की हत्या करवा दी। उसे शक था कि देवरानी जादू-टोना करती है। आरोपियों ने पहले महिला के पोते-पोतियों के सामने उस पर कुल्हाड़ी से वार किया। फिर छत से नीचे फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी जेठानी और उसके दोनों बेटों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना रावटी में 25 सितंबर की है। खुलासा दो दिन बाद शनिवार को हुआ। धन्नाबाई (55) भूरिया के परिवार में लगातार मौतें हो रही थीं। वहीं, उसकी देवरानी नानी बाई उर्फ नर्मदा भूरिया के परिवार में सबकुछ ठीक चल रहा था। जेठानी को लगता था कि देवरानी नानी बाई उसके परिवार पर जादू-टोना करती थी। वह उसे डायन कहती थी। गुरुवार रात जब नानी बाई अपने पोते-पोतियों के साथ छत पर सो रही थी, आरोपियों ने उस पर वार कर दिया। नानी बाई की मौके पर ही मौत हो गई।

## नाबालिग बेटी को गोली मारकर नदी में फेंका शव

**मुरैना, एजेंसी**। मुरैना में एक पिता ने नाबालिग बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। फिर उसकी लाश को नदी में फेंक दिया। बेटी का कसूर इतना था कि वो दूसरी जाति के लड़के से प्यार करती थी। उससे शादी करना चाहती थी। पड़ोसी के संदेह जताने पर पुलिस ने पिता से पूछताछ की। सख्ती करने पर वह टूट गया। मर्डर की बात मान ली। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर रविवार को क्वारी नदी से बेटी का शव बरामद कर लिया है। आरोपी पिता पुलिस की हिरासत में है। वारदात मुरैना के शिवनगर की है। आरोपी का नाम भरत उर्फ बंटू सिकरवार है। बेटी का नाम दिव्या था। 17 साल की दिव्या 12वीं की छात्रा थी।

## सौरभ शर्मा की जमानत याचिका रद्द

**जबलपुर**। मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा की जमानत याचिका पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। जस्टिस प्रमोद अग्रवाल की कोर्ट ने जमानत पर सुरक्षित रखा 26 पन्नों का फैसला सुनाते हुए कहा कि परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा पर लगे आरोप संगीन है, इसलिए जमानत का लाभ देना उचित नहीं है।

## नर्मदा में डूबे 3 दोस्त, एक को बचाया, 2 लापता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **सीहोर, एजेंसी**। जिले के बुधनी में रविवार सुबह नर्मदा घाट पर नहा रहे तीन युवक गहरे पानी में डूब गए। स्थानीय लोगों की मदद से एक युवक को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि दो युवक लापता हो गए। पुलिस और गोताखोरों की मदद से लापता दोनों युवकों की तलाश की जा रही है। यह घटना तब हुई जब तीनों युवक माता के दर्शन के लिए सलकनपुर देवी धाम जा रहे थे। रास्ते में नर्मदा घाट पर स्नान करने के लिए रुक गए थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत रेस्क्यू अभियान शुरू किया। लगातार बारिश के बावजूद लापता युवकों की खोजबीन की जा रही है।

## संपादकीय

# भारत ने ट्रॉफी लेने से किया मना...

भारत ने एशिया कप का फाइनल मुकाबला पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर जीता, लेकिन इस जीत के बाद एक अजीब वाकया हुआ। भारतीय टीम ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। अब इस फैसले के पीछे की वजह सामने आई है, जो सोशल मीडिया से जुड़ी हुई है। दरअसल, भारतीय खिलाड़ियों ने नकवी से ट्रॉफी इसलिए नहीं ली, क्योंकि नकवी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ पोस्ट शेयर किए थे, जो आपत्तिजनक थे। इन पोस्ट में एक तस्वीर फाइनल डे शीर्षक के साथ थी, जिसमें पाकिस्तान के खिलाड़ी, जैसे कप्तान सलमान आगा और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी, फाइटर जेट की पृष्ठभूमि में फ्लाइट सूट पहने हुए दिख रहे थे। इस तस्वीर को देखकर भारतीय टीम को लगा कि यह एक खेल मुकाबले से ज्यादा सैन्य शक्ति का प्रदर्शन है। इसके अलावा, टूर्नामेंट के दौरान नकवी ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो का एक वीडियो भी पोस्ट किया था, जिसमें रोनाल्डो एक विमान दुर्घटनाग्रस्त होने का इशाका कर रहे थे। जैसा कि हारिस रऊफ ने किया था। इन पोस्ट्स को भारतीय खिलाड़ियों और मैनेजमेंट ने खेल भावना के खिलाफ माना। उन्हें लगा कि नकवी का रवैया एक क्रिकेट एडमिनिस्ट्रेटर की तरह नहीं, बल्कि एक राजनीतिक व्यक्ति की तरह है, जो भारत के खिलाफ भड़काऊ पोस्ट कर रहे हैं। टीम इंडिया ने यह साफ कर दिया कि वे खेल को राजनीति से दूर रखना चाहते हैं। खिलाड़ियों का मानना था कि अगर वे नकवी से ट्रॉफी स्वीकार करते हैं, तो इसका मतलब होगा कि वे उनके भड़काऊ और अनुचित व्यवहार का समर्थन कर रहे हैं। इसलिए, विरोध जताने के लिए उन्होंने नकवी से ट्रॉफी लेने से मना कर दिया। यह घटना दिखाती है कि भारतीय खिलाड़ी खेल के मैदान पर और बाहर भी अपने सिद्धांतों पर अडिग रहते हैं।

## OSHO कहिन

"खुशी कोई लक्ष्य नहीं है, यह एक यात्रा है।"



## सैर सपाटा

# हर साल क्यों मनाया जाता है वर्ल्ड हार्ट डे?

## जानें इतिहास, महत्व और थीम



बदलती लाइफस्टाइल, खानपान की खराब आदतें और तनाव भरी जिंदगी के चलते आज ज्यादातर लोगों को दिल से जुड़े रोगों की शिकायत रहने लगी है। ऐसे में दुनियाभर के लोगों को दिल की सेहत का महत्व बताने और हार्ट हेल्थ को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 29 सितंबर को वर्ल्ड हार्ट डे मनाया जाता है। आइए जानते हैं वर्ल्ड हार्ट डे को मनाने के पीछे का इतिहास, महत्व और साल 2025 की थीम।

### ◆ वर्ल्ड हार्ट डे का इतिहास

वर्ल्ड हार्ट डे की शुरुआत साल 1999 में वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन (World Heart Federation) द्वारा की गई थी। इस दिन को मनाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO), यूनेस्को (UNESCO) और अन्य वैश्विक संगठनों ने भी सहयोग किया है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में दिल की बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। बता दें, इस दिन को मनाने की शुरुआत सबसे पहले वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अध्यक्ष कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अंतोनी बेयस डी लुना ने की थी। पहले यह दिन सितंबर के आखिरी रविवार को मनाया जाता था, लेकिन 2011 से इस दिन को स्थायी रूप से 29 सितंबर को मनाया जाने लगा।

### ◆ वर्ल्ड हार्ट डे 2025 का महत्व

ज्यादातर दिल से जुड़े रोग खानपान की गलत आदतों, वर्कआउट की कमी, स्मोकिंग और शराब के अधिक सेवन की वजह से होते हैं। ऐसे में वर्ल्ड हार्ट डे का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि आज के समय में हृदय रोग सिर्फ बुढ़ापे में ही नहीं, बल्कि युवाओं को भी अपना शिकार बना रहे हैं। जिससे बचने के लिए व्यक्ति को एक हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के साथ बुरी आदतों को छोड़ने के लिए प्रेरित करना है।

### ◆ वर्ल्ड हार्ट डे 2025 की थीम

वर्ल्ड हार्ट डे सेलिब्रेट करने के लिए हर साल एक नई थीम रख जाती है। इस साल वर्ल्ड हार्ट डे 2025 की थीम 'एक भी धड़कन न चूकें' यानी 'Don't Miss a Beat' रखी गई है। यह थीम लोगों को दिल का स्वास्थ्य अच्छा बनाए रखने के लिए एक्टिव रहने के महत्व पर जोर देता है, जिसमें हार्ट से जुड़ी समस्याओं के चेतावनी संकेतों को नजरअंदाज न करना, हेल्दी और संतुलित आहार लेना और नियमित रूप से एक्सरसाइज करना शामिल है।

### ◆ हार्ट हेल्थ को ठीक बनाए रखने के टिप्स

हर साल हार्ट चेकअप जरूर कराएं, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, ब्लड शुगर और ईसीजी जैसी जांच से दिल की स्थिति का पता चलता है और समय रहते इलाज शुरू किया जा सकता है। बता दें कि फिजिकल एक्टिविटी, सही खान-पान और तनाव प्रबंधन पर ध्यान देने से दिल की बीमारी से बचाव किया जा सकता है।

New Delhi

# मध्यप्रदेश, बिहार केरल समेत ओडिशा में भारी बारिश का अलर्ट, महाराष्ट्र में 24 घंटे में 10 लोगों की मौत

**नई दिल्ली/शिमला/मुंबई, (एजेंसी)** लौटता मानसून मध्य प्रदेश से लेकर बिहार और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र और दक्षिण भारत के ज्यादातर राज्यों में कहर बरपा रहा है। महाराष्ट्र के कई जिलों में पिछले 24 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। राज्य में बारिश से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11,800 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। वहीं, मराठवाड़ा में कई नदियां उफान पर हैं और फसलें बरबाद हुई हैं। कोंकण, गोवा, बिहार और पूर्वोत्तर के राज्य मेघालय में भी जमकर बारिश हो रही है। मौसम



विभाग ने इन क्षेत्रों के साथ ही राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में अगले दो-तीन दिन गरज के साथ बारिश की संभावना जताई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि पश्चिम विदर्भ और उससे सटे उत्तरी मध्य महाराष्ट्र पर एक निम्न दाब क्षेत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से महाराष्ट्र के ज्यादातर हिस्सों, गोवा और कोंकण क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है, जिसके 1 अक्तूबर तक जारी रहने की संभावना है।

रविवार को मराठवाड़ा के धाराशिव जिले में भारी बारिश के कारण दो लोगों की जान चली गई। भारी बारिश के कारण जयकवाड़ी बांध से पानी छोड़े जाने से गोदावरी नदी का जलस्तर बढ़ गया।

Rajasthan

## अखिल भारतीय बैरवा महासभा के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष श्री बैंडवाल एवं राजस्थान में प्रांतीय अध्यक्ष श्री गुणावत नियुक्ति

**जयपुर में अखिल भारतीय बैरवा महासभा के प्रदेश कार्यालय में अखिल भारतीय बैरवा महासभा के राष्ट्रीय संयोजक श्री रतनलाल बैरवा जी अखिल भारतीय बैरवा महासभा की बैठक में राष्ट्रीय कार्यवाहक पद पर अशोक बैंडवाल व राजस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पद पर रामदयाल गुणावत नियुक्त कर उन्हें शपथ दिलाई।**

इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस.के. बैरवा ने कहा कि बैरवा समाज का राष्ट्रीय संगठन गत तीन वर्षों से निष्क्रिय पड़ा हुआ था। समाज के पदाधिकारी पद लेकर बैठे हुए थे। राष्ट्रीय संयोजक रतनलाल बैरवा कहां कि आज तक समाज के पूर्व पदाधिकारियों ने किसी भी प्रकार का कोई कार्य राष्ट्रीय स्तर पर नहीं किया है तथा समाज उत्थान, समाज स्तर पर होने वाले उत्पीड़न हेतु महासभा द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया हैं । महासभा के प्रति विश्वास में कमी या गिरावट देखी गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मध्यप्रदेश से वरिष्ठ समाजसेवी रामकरण गोठवाल जी, कमल बैरवा, रूपेश लोदवाल, ए.आर. निहोरे, ओमप्रकाश जाटवा, फूलसिंह कुवाल, पूर्व चीफ इंजीनियर महेंद्र कुमार बैरवा, पूर्व बैंक अधिकारी रामकिशन बैरवा जी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी प्रभु लाल जी बैरवा, रामेश्वर बैरवा, ओमप्रकाश बैरवा धर्मपाल आर्य, भूपेन बैरवा, रामदयाल बैरवा, मनोज बैरवा, अरविंद तिलकर, लक्ष्मी नारायण बैरवा, भाग्यचंद बैरवा, राजाराम बैरवा, बाबूलाल बैरवा, कृष्णकांत बैरवा, ज्ञानचंद बैरवा, देवराज लकवाल, सुरेश कुमार बैरवा सहित अनेक समाजिक कार्यकर्ता का सहयोग रहा हैं।

New Delhi

## चैतन्यानंद को कोर्ट ने 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** कई छात्राओं के यौन शोषण के आरोपी चैतन्यानंद सरस्वती को पुलिस ने दिल्ली के एक कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने स्वयंभू धर्मगुरु को 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले पुलिस ने उसे रविवार सुबह आगरा से गिरफ्तार कर लिया। वह एक होटल में ठहरा हुआ था। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि चैतन्यानंद सरस्वती को रविवार को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने एक निजी संस्थान में 17 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोपी स्वयंभू धर्मगुरु की 5 दिन की हिरासत मांगी, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। एफआईआर के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली स्थित एक प्रबंधन संस्थान के पूर्व अध्यक्ष चैतन्यानंद सरस्वती कथित तौर पर छात्राओं को देर रात अपने क्वार्टर में आने के लिए मजबूर करता था। वह छात्राओं को फोन पर गलत मैसेज भी भेजता था। कथित तौर पर वह अपने फोन के जरिए छात्राओं की गतिविधियों पर नजर रखता था।

Tamil Nadu

### रैली में भगदड़ में रविवार को मरने वालों का आंकड़ा 40 तक पहुंचा

## एक्टर विजय की पार्टी ने कहा कि यह भगदड़ हादसा नहीं, साजिश

**करूर, तमिलनाडु, (एजेंसी)** एक्टर विजय की रैली में भगदड़ में रविवार को मरने वालों का आंकड़ा 40 तक पहुंच गया है। इनमें 16 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल हैं। 95 लोग घायल हैं, 51 लोग ICU में भर्ती हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है।

विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (TVK) ने भगदड़ के पीछे द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) की साजिश का आरोप लगाया है। मद्रास हाईकोर्ट में इस मामले की जांच के लिए अपील की है। पार्टी ने कहा कि यह भगदड़ हादसा नहीं, साजिश है। वहीं, राज्य सरकार ने कहा कि रैली में सुरक्षा नियम तोड़े गए। TVK के वकील अरिवझगन ने कहा- हादसा एक आपराधिक साजिश थी। हमें स्थानीय लोगों से पुख्ता जानकारी मिली है। हमारे पास कुछ CCTV फुटेज भी है। इनमें साफ दिखता है कि करूर में सत्तारूढ़ पार्टी DMK के कुछ नेताओं की साजिश थी। हादसे के बाद गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से मामले को लेकर रिपोर्ट मांगी है। एक्टर विजय ने पार्टी के X हैंडल से एक पोस्ट किया है, जिसमें लिखा- 'कल करूर में जो हुआ, उसका दुख बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैं मृतकों के परिजन को 20 लाख और घायलों को 2 लाख की मदद देना चाहता हूं।' एक्टर विजय ने 2 फरवरी 2024 को टीवीके बनाई। विधानसभा चुनाव 2026 में उतरने की घोषणा की। इसके चलते राज्यभर में रैलियां कर रहे हैं।

खेल

# अजेय रहते हुए भारत ने जीता एशिया कप का खिताब

### तिलक और कुलदीप के दम पर पाकिस्तान को धूल चटाई

**दुबई, (एजेंसी)** भारत ने पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। भारतीय टीम ने 2023 में वनडे प्रारूप के बाद 2025 में टी20 प्रारूप का एशिया कप जीत लिया है। भारत के लिए तिलक वर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया और अंत तक टिके रहकर टीम को अभूतपूर्व जीत दिलाई। भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। भारत ने कुलदीप यादव की शानदार गेंदबाजी की मदद से पाकिस्तान की पारी 19.1 ओवर में 146 रन पर ढेर कर दी। लक्ष्य का पीछा करते हुए तिलक ने 53 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 69 रन बनाए जिसके दम पर भारत ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 150 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

भारत के लिए जीत का चौका रिंकू सिंह ने लगाया। रिंकू के चौका लगाते ही ड्रेसिंग रूम में भारतीय सदस्य और मैदान पर दर्शक खुशी से झूम उठे। मुख्य कोच गौतम गंभीर भी अपना



जोश नियंत्रण में नहीं रख सके। जूझारू पारी खेलने वाले तिलक ने खुशी में बल्ला लहराया और पाकिस्तान के खिलाड़ी एक बार फिर मुंह लटका कर खड़े रहे। भारत की पाकिस्तान पर इस टूर्नामेंट में यह लगातार तीसरी जीत है और सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम ने इस तरह पाकिस्तान के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगा दी है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिए थे। भारत के तीन बल्लेबाज- अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव कुल 20 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए थे और उस वक्त भारतीय टीम मुश्किल में नजर आ रही थी। अभिषेक का बल्ला पूरे टूर्नामेंट में गरजा, लेकिन इस मैच में वह पांच रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव फिर विफल रहे और एक रन बनाकर आउट हो गए। जब तक भारत इन दो झटकों से उबर पाता, उससे पहले ही फहीम अशरफ ने शुभमन गिल को आउट कर भारत की पारी लड़खड़ा दी।

शुरुआती झटके लगने के बाद तिलक ने संजू सैमसन के साथ मिलकर भारत की पारी संभाली। दोनों बल्लेबाजों ने टिककर खेलना शुरू किया। इस दौरान हालांकि, सैमसन को जीवनदान भी मिला। सैमसन इसका पूरी तरह फायदा तो नहीं उठा सके, लेकिन उन्होंने तिलक के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी की। सैमसन बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे और 24 रन बनाकर आउट हुए। सैमसन भले ही बड़ी पारी नहीं खेल सके, लेकिन उन्होंने तिलक का साथ निभाया जो भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ।

भारत ने 77 रन के स्कोर पर चार विकेट गंवा दिए थे और फिर तिलक का साथ देने शिवम दुबे उतरे। दुबे ने शुरुआत में कुछ ऐसे शॉट खेले जिससे वह आउट होने से बचे। इस दौरान दुबे और तिलक के बीच गलतफहमी के कारण तिलक रन आउट होने से बचे। इसके बाद दोनों ने जिम्मेदारी से पारी आगे बढ़ाई।

सिनेमा

# टीवी एक्टर वीर शर्मा और उनके भाई की घर में आग लगने से मौत



कोटा जिले में रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित दीप श्री अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर बी-403 में भीषण आग लगने से दो मासूम भाइयों की मौत हो गई। हादसे के समय दोनों बच्चे कमरे में सो रहे थे और दम घुटने से उनकी जान चली गई। घटना के वक्त उनके पिता घर पर नहीं थे, वे जागरण कार्यक्रम में गए हुए थे, जबकि मां किसी काम से मुंबई गई हुई थीं। मृतकों की पहचान 15 वर्षीय शौर्य शर्मा और 10 वर्षीय वीर शर्मा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शौर्य आईआईटी की तैयारी कर रहा था, जबकि वीर टीवी सीरियल श्रीमद रामायण में भरत का किरदार निभा चुका था। वह जल्द ही सैफ अली खान की आने वाली फिल्म में उनके बचपन का रोल निभाने वाला था।

## Highlights

1. **PM Modi announces ₹2 lakh for families of 39 killed in Karur rally**
2. **2 terrorists trying to infiltrate killed in J&K's Kupwara: Reports**
3. **Delhi to clear Ladli Yojana dues to 40,000 beneficiaries on Oct 1**
4. **Why does Indian Army celebrate Gunners Day on September 28?**
5. **Ashram director falsely claimed ties to PMO for influence: Police**
6. **T'gana SEC to notify local polls despite HC's 42% BC quota query**

# SBI Research makes a case for 25 bps RBI repo rate cut in monetary policy meeting this week

**NEW DEIHI, (Agency).** A quarter-point repo rate cut is the "best possible option" for Reserve Bank of India in its upcoming monetary policy, SBI Research has said, even as other policy watchers saw another status quo.

There is "merit and rationale" for a 25 basis-point RBI rate cut as India's retail inflation rate is expected to remain benign even in the next financial year, SBI Research said, as GST rationalisation is likely to keep the prices suppressed. Additionally, the impact of 50% US tariffs on India has already started showing in economic activity.

One basis point is one-hundredth of a percentage point.

Bank of Baroda seemed to echo SBI Research's view.

"While we do believe there is limited scope for any change in the repo rate in this policy, there is a market view that given the current environment, a rate cut would be warranted,"




Madan Sabnavis, chief economist at Bank of Baroda, told the Press Trust of India.

But while India's inflation rate has stayed well below the RBI target of 4% before and after GST 2.0, this cannot be a primary reason for a rate cut. India's GDP growth is also likely to steady at above 6.5%—which is the RBI's estimate—even after taking into account the tariff impact.

"Under these conditions, we expect a status quo. A change of stance could probably be considered to assuage sentiment and bond yields," Sabnavis said. "If at all, at a later point in time, there is a package for exporters against the backdrop of tariffs, a rate cut could be considered."

RBI Monetary Policy

India's Monetary Policy Committee, led by RBI Governor Sanjay Malhotra, is scheduled to begin a three-day meeting on Monday, against the backdrop of geopolitical tensions and Trump's tariff war. The repo rate decision will be announced on 1 October 2025.

Since the beginning of this year, the RBI has reduced the repo rate by 100 basis points in three tranches amid easing inflation in the Indian economy.

# Small cars are here to stay amid SUV-isation of India's car market, FADA says

**NEW DEIHI, (Agency).** India is no country for small cars? A dealers lobby doesn't think so.

"This 'SUV-isation' of the industry is happening throughout the world. It is not because India has bad roads... It is going to be there for quite some time to come," CS Vigneshwar, president of the Federation of Automobile Dealers Associations told Press Trust of India. But while SUVs give a purpose of comfort, style and safety, "hatches will



have their own space because some people still want the hatches", he said. The recent GST rate cut on small cars and a flat 40% on SUVs, after more than two years of outsized demand for oversized cars, has sparked a debate on how India buys cars. On 4 September, the GST Council reduced rates on hundreds of items—from soaps to small cars—to rationalise the indirect tax into two slabs (5% and 18%) from four (5%, 12%, 18% and 28%) earlier. In the process, the GST Council also defined what a car is—small cars are less than 4 metres in length with a petrol engine smaller than 1,200 cc or a diesel engine smaller than 1,500 cc. Everything else is a big car.

### शादी से इनकार कर रही थी युवती

# होटल में युवक ने किया सुसाइड

**◆ वीडियो कॉल कर प्रेमिका को सुसाइड करने की धमकी दी थी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर इलाके की एक होटल में एक युवक ने सुसाइड कर लिया। बताया जाता है कि रात में वीडियो कॉल कर उसने प्रेमिका को सुसाइड करने की धमकी दी थी। प्रेमिका ने फोन काटकर युवक के दोस्त को जानकारी दी। जब वह होटल पहुंचा और स्टाफ से दरवाजा खुलवाया तब तक युवक फंदे पर लटक मिला।**

हीरानगर पुलिस के मुताबिक घटना मधुरे श्री होटल की है। यहां आर्यन(21) पुत्र गौतम चौहान निवासी साहू नगर ने फांसी लगाकर शनिवार देर रात सुसाइड कर लिया। परिवार के लोगों ने बताया कि 2 दिन से आर्यन घर नहीं आया था। उसने माता-पिता से कहा था कि वह दोस्त के घर रुकेगा। रात में आर्यन के एक दोस्त ने फोन कर परिवार को



घटना की जानकारी दी। आर्यन का विजयनगर में रहने वाली एक युवती से कई सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आर्यन को शंका थी कि वह किसी ओर से भी बात करती है। आर्यन उससे शादी करने के लिए कह रहा था, लेकिन वह टाल देती थी। करीब एक साल से वह आर्यन को शादी करने से इनकार कर रही थी। आर्यन के मोबाइल में कुछ चैटिंग मिली है। जिसमें वह युवती से शादी की बात पर ही झगड़ रहा है। सुसाइड से पहले युवक ने खुद के वॉट्सऐप नंबर पर कई मैसेज किए हैं। जिसमें परिवार से माफी और युवती के पिता को खुद के गलत न होने की बात लिखी है। आर्यन अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके परिवार में छोटी बहन है। पिता टेलीकॉम कंपनी में काम करते हैं। परिवार के लोगों ने बताया कि युवती कई बार उनके घर भी आ चुकी थी, लेकिन उसने ऐसा क्यों किया, इसके बारे में जानकारी नहीं है। हीरानगर टीआई सुशील पटेल के कहा- मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने जांच के लिए एएसआई गुरुप्रसाद को भेजा है। माता पिता के बयान के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। रात में होटल वाले ने पुलिस को जानकारी दी थी। अभी मैसेज होने की जानकारी मीडिया के माध्यम से सामने आई है। मामले में जांच जारी है।

# कालाकुंड नदी में नहाने गया इंदौर का युवक डूबा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सिमरोल थाना क्षेत्र की कालाकुंड नदी में रविवार शाम 5.30 बजे नहाते समय एक युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक अपने दोस्तों के साथ घूमने आया था।**

मृतक युवक की पहचान हुजैफा के रूप में हुई है, जो इंदौर के सैफी नगर का रहने वाला था। स्थानीय ग्रामीण अनिल ने बताया कि हुजैफा रविवार को अपने तीन दोस्तों के साथ कालाकुंड घूमने आया था। सभी लोग कालाकुंड रेलवे स्टेशन के पीछे नदी में नहा रहे थे, तभी हुजैफा डूब गया।



बताया जा रहा है कि हुजैफा एक दिन पहले ही अहमदाबाद से इंदौर लौटा था और आज दोस्तों के साथ बाइक से कालाकुंड पहुंचा था। ग्रामीणों ने तुरंत युवक को नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर सिमरोल पुलिस मौके पर पहुंची। सिमरोल थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि युवक अपने दोस्तों के साथ घूमने आया था और नदी में नहाने के दौरान डूब गया। पुलिस युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए महू के सिविल अस्पताल लेकर आई है।

## मीडियाकर्मी ने की आत्महत्या



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाले मीडियाकर्मी मनोज गिरी (45) पुत्र मधुकर गिरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक मनोज नंदानगर के रहने वाले थे और निजी संस्था में काम करते थे। काम को लेकर वे बीते तीन माह से डिप्रेशन में चल रहे थे। शनिवार शाम करीब 5 बजे पत्नी उन्हें ऑफिस जाने के लिए उठाने पहुंचीं, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो कमरे में झांककर देखा। मनोज फंदे पर लटके हुए थे। उनके दो बेटे हैं, दोनों नौकरी करते हैं। पुलिस ने कमरे को सील कर दिया है और सुसाइड नोट की तलाश में जांच जारी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक